**लाल किला मैदान में महाशिवरात्रि आध्यात्मिक महोत्सव सम्पन्न**

--हज़ारों श्रद्धालुओं ने लिया बुराई छोड़ने और अच्छाई अपनाने का शुभ संकल्प--

--शिव की शक्ति 108 ब्रहमाकुमारियों ने विश्वशांति हेतु कराया सामूहिक राजयोग मैडिटेशन--

**'परमात्मा शिव की शक्ति से ही विश्व शांति एवं भाईचारा संभव'-- राजनाथ सिंह**

**"राजनीति से उठ रहा लोगों का विश्वास। इस संकट को दूर करना जरूरी। ब्रहमाकुमारी बहनों से की मदद की अपील" - राजनाथ सिंह**

**"ब्रहमाकुमारी के हर कार्यक्रम में शामिल हूंगा।"- राजनाथ सिंह**

**दिल्ली, 21 फरबरी:** महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा स्थानीय लालकिला मैदान में आयोजित आध्यात्मिक महोत्सव का, एक विशाल सार्वजनिक कार्यक्रम, बड़ी धूमधाम से आज सम्पन्न हुआ। तीस हजार शिव श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम से लाभ लिया ।

कार्यक्रम को **मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए, केन्दीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह** ने कहा की विश्व शांति, वसुधेव कुटुम्बकम एवं विश्व बंधुत्व की भावना, मानवता को भारतीय दर्शन एवं संस्कृति की ही देन है, जो शिव और शिव की शक्तियों से जुड़ने से ही साकार हो सकता है।

उन्होंने कहा कि, शिवरात्रि का पावन पर्व, हमे सच्चाई और अच्छाई को अपनाकर असत्य, बुराई एवं नकारात्मक तत्वों पर जीत पाने की प्रेरणा देती है। परमात्मा शिव से जुड़े इन्ही भारतीय मूल्यों, आदर्श, आध्यात्मिकता एवं राजयोग मैडिटेशन को विश्व के कोने कोने में सभी जाति, धर्म, वर्ग एवं सम्प्रदाय में फैलाने वाली ब्रह्मा कुमारी संस्था की उन्होंने सराहना की।

**उन्होंने आगे कहा कि जीव से शिव परमात्मा तक की यात्रा योग से ही संभव है जो शिव से जुड़ जाता है वो अखंड भारत से जुड़ जाता है। साथ ही उन्होंने कहा कि योग की दुनिया में ब्रहमाकुमारी बहनें भारत में एक मिसाल हैं। वह न केवल सच्ची योगी हैं बल्कि पूरी दुनिया में शांति व एकता की अलख जगा रही हैं। उन्होंने ब्रहमाकुमारी बहनों से राजनीति से उठ रहे लोगों के विश्वास को वापस लाने में मदद की अपील की। सिहं ने कहा कि वर्तमान में राजनीति एवं राजनीतिज्ञ नेताओं से लोगों का भरोसा हट रहा है जो एक बड़ा संकट है।**

**रक्षा मंत्री ने संस्थान के वरिष्ठ लोगों के साथ मिलकर शिव परमात्मा का ध्वज भी फहराया।**

जी बी पन्त अस्पताल के डोक्टर मोहित गुप्ता ने उपस्थित हजारों श्रधालुओं को बुराई छोड़ने का और सभी के प्रति शुभ भावना और शुभ कामना रखते हुए सबको सुख देने की प्रतिज्ञा कराई। तथा कहा कि सकारात्मक सोच व स्वस्थ आदत अपनाने तथा नकारात्मक नज़रिया व

कर्म से बचने हेतु आध्यात्मिक चिंतन एवं राजयोग ध्यान जरूरी है, जो की यह संस्था सिखाती है।

समागम को शिव की शक्ति 108 ब्रह्माकुमारी बहनों ने सामूहिक राजयोग कराया तथा विश्व शांति के लिए शक्तिशाली प्रकाम्पन्न फैलाये ।
ब्रह्मा कुमारी संस्था के मुख्य प्रवक्ता बीके बृजमोहन ने वर्तमान परिवेश में शिवरात्रि का महत्व बताते हुए कहा कि **शिव हमें शक्ति देते हैं विकारों को समाप्त करने की। विकारों पर जीत पाकर ही हम कलयुग से वापस सतयुगी दुनिया को ला सकते हैं।**

कार्यक्रम की मुख्य संयोजिका एवं ओम शांति रिट्रीट सेंटर की निर्देशिका बीके आशा ने कहा कि **दुख और कष्ट में फंसे लोगों की मुक्ति का मार्ग केवल शिव से योग लगाना है।**

**आध्यात्मिक प्रवक्ता बी के शिवानी ने कहा निराकार शिव परमात्मा धरा पर आकर आत्मा के अंदर व्याप्त अंधकार रात्रि को खत्म करते हैं जिससे मनुष्य जीवन और सृष्टि सतयुगी हो जाती है।**

**ब्रह्माकुमार सुशान्त,**
**राष्ट्रीय मीडिया संयोजक,**
**ब्रह्माकुमारी संस्था, मोब0 9350922333, 7014986288**